रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1911] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 6, 2017/आषाढ़ 15, 1939
No. 1911] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 6, 2017/ASADHA 15, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 जूलाई, 2017

का.आ. 2145(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 137(अ), तारीख 15 जनवरी, 2016, द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र, की प्रतियां जनता को तारीख 15 जनवरी, 2016, को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए है;

कर्नाटक, जिला बेलारी के कुदलीजी और संदूर तालुकाओं में गुडेकोटे रीछ अभयारण्य 14^{0}50 से 11^0 06 उत्तर अक्षांश और 76^{0}37 और 55^0 7 पूर्व देशांतर में स्थित है जिसके अंतर्गत 47.61 वर्ग किलोमीटर के कुल भौगोलिक क्षेत्र को, अधिसूचना सं. एफईई-72 एफडब्ल्यूएल-2013 दिनांक 11.11.2013 और सं. एफईई 432 एफडब्ल्यूएल 2014 दिनांक: 21-09-2016 मुख्यत: संकटग्रस्त स्तनपायी रीछ के संरक्षण के लिए अधिसूचित किया गया था;

और, अभयारण्य के गुफाओं के साथ चट्टानीय शिलाखंड, झाड़ीदार जंगल रीछ के लिए एक आदर्श प्राकृतिक वास है। अभयारण्य में लाल चंदन, फाइकस, आदि जैसी वृक्ष प्रजातियां और रीछ, तेंदुआ, साल, गंदबिलाव, बनबिलार, बनैला सूअर, सियार, साही, ब्लैक नेपड खरगोश, नेवला, आदि, जिनमें से कुछ अनुसूची-1 की प्रजातियां हैं और यह 150 प्रजातियां के तारिक कछुआ, अजगर, दबोइया लालरेती अजगर, कोबरा आदि जैसे पक्षियों और सरीसृपों के लिए एक प्राकृतिक वास का भी निर्माण करता है;

और, रीछ अभयारण्य परिसर के साथ साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन की स्थापना करके रीछ, तेंदुआ और अन्य संकटग्रस्त जीवजंतु जैव विविधता और उसके वन्यजीव तथा उसके पर्यावरण को संरक्षित करना और उसकी सुरक्षा करना आवश्यक हो गया है;

और, पारिस्थितिक और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के चारों ओर के संरक्षित क्षेत्र, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में गुडेकोटे रीछ अभयारण्य की सीमा से 1.0 किलोमीटर से 7.00 किलोमीटर के चारों ओर तक के विस्तारित क्षेत्र को गुडेकोटे रीछ अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**.—(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 120.04 वर्ग किलोमीटर (शीलीयप्पनहल्ली/अपेनहल्ली और संजीवारायकोट आरक्षित वन क्षेत्र और कुछ खंड-4 क्षेत्र सहित) क्षेत्र में फैला हुआ है जिसका विस्तार गुडेकोटे रीछ अभयारण्य की सीमा के इर्द गिर्द 1.0 किलोमीटर से 7.00 किलोमीटर के बीच है और उस जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध I** में दिया गया है ।

(2) अक्षांश और देशांतर सहित पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध II** के रुप में उपाबद्ध है ।

(3) गुडेकोटे रीछ अभयारण्य की सीमा पर और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के प्रमुख बिंदुओं के भू- निर्देशांक **उपाबंध III** के रुप में उपाबद्ध है ।

(4) गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के आस पास पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों और रिजर्व वन क्षेत्र का वर्णन **उपाबंध IV** के रुप में उपाबद्ध है ।

2. **पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—**(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि और बागवानी;
(iv) राजस्व;
(v) शहरी विकास;
(vi) पर्यटन सहित पर्यावरण पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास;
(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(ix) नगरपालिक और शहरी विकास;
(x) पंचायती राज; और
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी। इस योजना के मानचित्र द्वारा विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग का भी विवरण किया जाएगा ।

(7) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए भी पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए सारणी के सूचीबद्ध क्रियाकलाप विनियमित करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-अंतक होगी ।

(9) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार में अपने कार्यों के बाहर ले जाने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.—**राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा।:

(ख) परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में सम्मिलित गृह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और अनुच्छेद 4 के अंतर्गत दिया गया है:

(ग) परंतु यह और भी किसी जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के संबद्ध राज्य विधियों और अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, या तत्समय प्रवृत्त विधि जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

(घ) परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

(ङ) परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(च) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय**.—आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, चैनलों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिक-पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना, पर्यावरण और वन के राज्य विभागों के परामर्श , पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में जाना जायेगा ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयराण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है जब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार मानीटरी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के भीतर कोई नया होटल/रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाता है ।

(4) **नैसर्गिक विरासत -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संपर्क के लिए तैयार करेगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में भाग होगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में निवारण और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार संकलित किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 (1981 का 14) और इसके अधीन किए गए नियमों के अनुसार संकलित किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण साधारण मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट -** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क)पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन (ईएसएम) की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**.—जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन (ईएसएम) की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध नियमित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण -** विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की निवारण और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि हैं ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात या प्रकाशन में, पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) केवल गैर प्रदूषण उद्योग, फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांत में उद्योगों के वर्गीकरण अनुज्ञा दी जाएगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषित उद्योगों को संवर्धक किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण -** पहाड़ी ढलानों के संरक्षण के निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) यदि यह आवश्यक समझता है, इस अधिसूचना के उपाबंधों को प्रभावी करने में केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपायों विनिर्दिष्ट करेगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) संशोधनों सहित द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणीयां
(1)	(2)	(3)
क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप		
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण जल या वायु या मृदा या ध्वनि कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	कोई नया उद्योग या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों को स्थापना के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित प्रवाह के निर्वहन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
9.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
11.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी पर्यटकों की लघु संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए

		वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं । परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण; (iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन जिस में सहायक हो ग्रह वास; और (v) इस अधिसूचना में संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।

18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण ।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
19.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।
24.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग ।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
31.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
36.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन वर्ष की अवधि के लिए निगरीनी समिति गठित करती है, पारिस्थितिक संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए जिसमें निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

(i)	क्षेत्रीय आयुक्त, गुलबर्गा	-अध्यक्ष;
(ii)	माननीय विधान सभा सदस्य, कुडलिगी निर्वाचन क्षेत्र, बेल्लारी जिला	– सदस्य;
(iii)	पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि	-सदस्य;
(iv)	शहरी विकास विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि	-सदस्य;
(v)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	-सदस्य;
(vi)	क्षेत्रीय अधिकारी, कर्नाटक सरकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	-सदस्य;
(vii)	कर्नाटक सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
(viii)	उप आयुक्त या उनके प्रतिनिधि, बेल्लारी जिला	- सदस्य;
(ix)	राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य	- सदस्य;
(x)	उप वन संरक्षक, बेल्लारी प्रभाग, बेल्लारी	-सदस्य सचिव।

टिप्पण- इस शर्त के अधीन रहते हुए कि कर्नाटक राज्य सरकार अन्य बातों के साथ सुसंगत अनुमोदन, जिसके अंतर्गत कर्नाटक विधान सभा के सभापति की अनुज्ञा भी है, यदि अपेक्षित हो, अभिप्राप्त करेगी।

6. **निर्देश**.—निबंधन

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(5) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य जीव वार्डन उपाबंध V में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय या माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा.सं. 25/145/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी

उपाबंध I

गडेकोटे रीछ अभयारण्य की पारिस्थितिक संवेदी जोन का सीमा वर्णन

शलीयाप्पाहल्ली ग्राम के निकट शलीयाप्पाहल्ली रिजर्व वन सीमा के साथ शलीयाप्पाहल्ली अप्पेनहल्ली सड़क की सडक पार करके बिंदु के संख्या 1. (पू.14 54 21 .10 उ.76 38 26.34) में स्थित है । इसके बाद सीमा रेखा शलीयाप्पाहल्ली रिजर्व वन सीमा की सभी पश्चिम सीमा से होते हुए बिंदु सं.2 से 17 और बिंदु सं. 18 के उपर (14 54.40.74उ.76 40 38.74) की ओर जाती है इसके बाद सीमा रेखा दक्षिण से मुडकर और अप्पेनहल्ली रिजर्व वन सीमा से मिलती है इसके बाद सीमा रेखा बिंदु सं.22 पूर्व की ओर मुडती है और अप्पेनहल्ली रिजर्व वन सीमा के साथ बिंदु सं.23,24, 25 और बिंदु सं 26 के उपर की ओर जाती है इसके बाद सीमा बिंदु 27 के उपर दक्षिण दिशा में परिवर्तित होकर जो गुडेकोटे अप्पेनहल्ली सड़क पर स्थित है इसके बाद सीमा रेखा बिंदु सं.28 के उपर सड़क के साथ परिवर्तित होती है इसके बाद सीमा रेखा हालासागारा ग्राम बंदोबस्त बिंदु 29 के उपर नाल्हा के साथ दक्षिण पूर्व की ओर जाती है इसके बाद सीमा रेखा बिंदु सं.30 और बिंदु सं. 31 के उपर से होते हुए पूर्वकी ओर जाती है इसके बाद सीमा रेखा रायापुरा टैक के साथ मुका नाल्हा से होते हुए बिंदु सं 32 33 की ओर जाती है और रायापुर टैक बूंद के दक्षिण कोर पर बिंदु सं.34 के उपर स्थित है इसके बाद सीमा रेखा दक्षिण के बिंदु सं. 35 के उपर जाती है इसके बाद सीमा रेखा बिंदु सं. 36 से होते हुए और बिंदु सं. 37 के उपर पश्चिम की ओर जाती है और इसके बाद सीमा रेखा तालवरहल्ली से चिक्केरहल्ली सड़क से मुडकर दक्षिण की ओर स्थित बिंदु सं 38 पहुंचती है इसके बाद सीमा रेखा पश्चिम से जाती है परिवर्तित होकर हंगल गुडेकोटे सड़क पर पहुंचती है और सड़क के साथ बिंदु सं. 39 से परिवर्तित होकर सड़क पार करके और सीदलीहल्ला (नाल्हा) मे स्थित है इसके बाद सीमा रेखा सीदेगालन रिजर्व वन की सीमा पर स्थित बिंदु 40 के ऊपर के साथ सीदलीहल्ला नाल्हा की ओर जाती है इसके बाद सीमा रेखा सीदलीहल्ला नाल्हा रिजर्व वन सीमा के साथ बिंदु सं 41 पहुंचती है और इसके बाद सीमा रेखा उत्तर में मुड़कर सड़क के साथ बिंदु सं 43 पहुंचती है और इसके बाद सीमा पूर्व दिशा की ओर परिवर्तित होकर और बिंदु सं 44 पहुंचती है और इसके बाद बिंदु सं 45 पहुंचती है से होते हुए उत्तर पश्चिम दिशा में परिवर्तित होकर, और गुडेकोटे टैक बूद पर स्थित बिंदु सं 47 से होते हुए टैक सीमा के साथ की ओर बिंदु सं 48 पहुंचती है इसके बाद सीमा 49,50 से होते हुए उत्तर पश्चिम दिशा में परिवर्तित होकर और राम दुर्गा पहुंचती है शलीयाप्पाहल्ली सड़क पर स्थिति बिंदु सं 51 पहुंचती है इसके बाद सीमा बिंदु सं 52,53,54, से होते हुए रामदुर्गा शलीयाप्पाहल्ली सड़क के साथ बिंदु सं 56 पहुंचती है इसके बाद सीमा रेखा शलीयाप्पाहल्ली ग्राम के बाहर की ओर और इसके बाद सड़क के साथ प्रारंभिक बिंदु सं 1 पहुंचती है।

उपाबंध-II

अक्षांश और देशांतर सहित गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध III

गुडेकोटे रीछ अभयारण्य की सीमा के प्रमुख बिंदुओं के भू- निर्देशांकों को दर्शाने वाली सारणी (डैटम डब्ल्यूजीएस -84)

गुडेकोटे रीछ अभयारण्य का **खंड – I**		
मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	उ14° 53’ 53.7”	पू76° 37’ 23.8”
2	उ14° 54’ 10.8”	पू76° 38’ 50.6”
3	उ14° 53’ 48.7”	पू76° 39’ 06.6”
4	उ14° 53’ 11.6”	पू76° 39’ 10.7”
5	उ14° 52’ 35.9”	पू76° 39’ 01.2”
6	उ14° 52’ 03.0”	पू76° 40’ 26.0”
7	उ14° 51’ 44.0”	पू76° 39’ 59.6”
8	उ14° 51’ 45.2”	पू76° 39’ 12.3”
9	उ14° 51’ 06.4”	पू76° 39’ 10. 4”
10	उ14° 50’ 58.5”	पू76° 37’ 52.6”
11	उ14° 51’ 01.3”	पू76° 37’ 04.1”
12	उ14° 52’ 52.8”	पू76° 35’ 54.4”
13	उ14° 53’ 02.9”	पू76° 37’ 08.4”
गुडेकोटे रीछ अभयारण्य का **खंड– II**		
मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	उ14° 50’ 03.8”	पू76° 37’ 56.7”
2	उ14° 50’ 43.2”	पू76° 38’ 36.2”
3	उ14° 50’ 22.2”	पू76° 39’ 29.6”
4	उ14° 50’ 04.4”	पू76° 40’ 41.0”
5	उ14° 49’ 34.5”	पू76° 41’ 32.6”
6	उ14° 49’ 04.4”	पू76° 42’ 16.7”
7	उ14° 48’ 30.4”	पू76° 40’ 58.7”
8	उ14° 47’ 49.4”	पू76° 40’ 35.9”
9	उ14° 48’ 30.1”	पू76° 39’ 21.7”
10	उ14° 48’ 18.0”	पू76° 38’ 58.9”
11	उ14° 48’ 45.6”	पू76° 38’ 01.4”
12	उ14° 50’ 06.2”	पू76° 38’ 28.3”

गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के प्रमुख बिंदुओं के भू-निर्देशांकों को दर्शाने वाली सारणी

मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर	मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	उ 14° 54’ 40.40”	पू 76° 38’ 8.90”	30	उ 14° 50’ 33.70”	पू 76° 40’ 21.00”
2	उ 14° 54’ 42.47”	पू 76° 37’ 8.47”	31	उ 14° 50’ 37.50”	पू 76° 40’ 53.09”
3	उ 14° 54’ 56.59”	पू 76° 38’ 1.76”	32	उ 14° 50’ 10.20”	पू 76° 42’ 02.91”
4	उ 14° 55’ 02.76”	पू 76° 36’25.00”	33	उ 14° 49’ 53.10”	पू 76° 42’ 21.00”
5	उ 14° 55’ 11.62”	पू 76° 36’ 5.89”	34	उ 14° 49’ 07.28”	पू 76° 43’ 10.60”
6	उ 14° 55’ 22.48 ”	पू 76° 36’ 3.43”	35	उ 14° 48’ 34.54”	पू 76° 43’ 10.32”
7	उ 14° 55’ 45.27”	पू 76° 36’ 8.15”	36	उ 14° 48’ 29.10”	पू 76° 42’ 33.90”
8	उ 14° 55’ 43.27 ”	पू 76° 36’ 1.47”	37	उ 14° 48’ 00.80”	पू 76° 41’ 25.20”
9	उ 14° 55’ 25.62”	पू 76° 36’ 9.74”	38	उ 14° 47’ 18.30”	पू 76° 40’ 59.0”
10	उ 14° 55’ 40.20”	पू 76° 37’ 6.42”	39	उ 14° 47’ 20.13”	पू 76° 39’ 54.18”
11	उ 14° 55’ 37.7”	पू 76° 38’ 3.90”	40	उ 14° 47’ 32.41”	पू 76° 38’ 36.25”
12	उ 14° 55’ 25.32”	पू 76° 38’ 7.95”	41	उ 14° 48’ 45.12”	पू 76° 36’ 56.61”
13	उ 14° 45’ 41.15”	पू 76° 9’15.69”	42	उ 14° 48’ 49.73”	पू 76° 37’ 16.63”
14	उ 14° 55’ 56.83”	पू 76° 39’ 2.47”	43	उ 14° 49’ 37.55”	पू 76° 37’ 18.68”
15	उ 14° 56’ 44.92”	पू 76° 39’ 3.42”	44	उ 14° 49’ 39.30”	पू 76° 37’ 35.40”
16	उ 14° 57’ 14.74”	पू 76° 39’ 38.63”	45	उ 14° 49’ 52.00”	पू 76° 37’ 25.30”
17	उ 14° 57’ 13.20”	पू 76° 40’ 08.66”	46	उ 14° 50’ 01.25”	पू 76° 36’ 59.63”
18	उ 14° 56’ 22.29”	पू 76° 40’ 14.52”	47	उ 14° 50’ 18.97”	पू 76° 37’ 11.95”
19	उ 14° 56’ 19.00”	पू 76° 40’ 46.10”	48	उ 14° 50’ 15.88”	पू 76° 36’ 14.73”

20	उ 14° 55' 38.80"	पू 76^0 41' 50.60"	49	उ 14^0 51' 34.04"	पू 76° 35' 48.77"
21	उ 14° 55' 32.00"	पू 76^0 41' 39.60"	50	उ 14^0 52' 28.76"	पू 76° 35' 14.43"
22	उ 14° 55' 09.3"	पू 76^0 42' 18.10"	51	उ 14^0 53' 02.39"	पू 76° 35' 01.36"
23	उ 14° 53' 43.50"	पू 76^0 42' 46.50"	52	उ 14^0 53' 22.71"	पू 76° 35' 52.23"
24	उ 14° 52' 03.80"	पू 76^0 43' 54.10"	53	उ 14^0 53' 42.74"	पू 76° 36' 41.42"
25	उ 14° 51' 33.12"	पू 76^0 41' 39.02"	54	उ 14^0 54' 09.69"	पू 76° 36' 45.44"
26	उ 14° 51' 59.01"	पू 76^0 40' 56.44"	55	उ 14^0 54' 22.47"	पू 76° 37' 17.81"
27	उ 14° 51' 14.56"	पू 76^0 40' 40.98"	56	उ 14^0 54' 34.30"	पू 76° 37' 51.60"
28	उ 14° 50' 49.80"	पू 76^0 39' 57.80"			
29	उ 14° 50' 27.48"	पू 76^0 40' 13.77"			

उपाबंध-IV

गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के नाम (डैटम डब्ल्यूजीएस -84)

ग्रामों की मानचित्र आई डी	ग्राम का नाम	पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल ग्राम	तालुक	क्षेत्र वर्ग किलोमीटर में	अक्षांश	देशांतर
ए	शलीयाप्पाहल्ली	आंशिक ग्राम	सनदुरू	21.97	उ 14 54 23.22	पू 76 37 38.91
बी	गुडेकोटे	आंशिक ग्राम	कुडलीगी	14.20	उ 14 49 56.70	पू76 37 34.04
सी	कासापुरा	आंशिक ग्राम	कुडलीगी	6.16	उ 14 47 10.94	पू 76 38 07.66
डी	भातराहल्ली	आंशिक ग्राम	मोलाकलमुरू	4.98	उ 14 47 39.09	पू76 42 36.31
ई	चीक्केराहल्ली	आंशिक ग्राम	मोलाकलमुरू	6.00	उ 14 40 05.92	पू 76 40 05.92
एफ	हालासागर	आंशिक ग्राम	कुडलीगी	10.26	उ 14 50 36.58	पू 76 40 02.46
जी	अप्पेनहल्ली	आंशिक ग्राम	कुडलीगी	24.28	उ 14 51 23.54	पू 76 41 10.09
एच	शलीयाप्पाहल्ली	आंशिक ग्राम	संदुरू	7.41	उ 14 56 37.97	पू 76 39 2.36
आई	जलीपेनथ	पूर्ण गांव	मोलाकलमुरू	8.62	उ 14 55 34.03	पू 76 40 28.79
जे	सनजीवेरायनाकोटे	पूर्ण गांव	मोलाकलमुरू	5.61	उ 14 53 58.47	पू 76 41 17.68
के	चीन्नावालाडागुडे	पूर्ण गांव	मोलाकलमुरू	3.36	उ 14 55 02.60	पू 76 42 22.26
एल	होसाहाल्ली	पूर्ण गांव	मोलाकलमुरू	2.19	उ 14 53 45.11	पू 76 43 07.66
एम	वदेराहल्ली	पूर्ण गांव	मोलाकलमुरू	5.00	उ 14 51 38.84	पू 76 43 56.93
कुल				**120.04**		

गुडेकोटे रीछ अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले आरक्षित वन क्षेत्र और खंड-4 वन क्षेत्रों का विवरण

मानचित्र आई डी	**आरक्षित वन का नाम**	**तालुक**	**विस्तार हेक्टेयर में**	**अधिसूचना सं.**
शीलीयप्पनहल्ली आरक्षित वन	शीलीयप्पनहल्ली आरक्षित वन	संदुरू	17.01	मद्रास वन अधिनियम, 1882 का 398/22-11-1904
अपेनहल्ली आरक्षित वन	अपेनहल्ली आरक्षित वन	कुडलीगी	9.62	मद्रास वन अधिनियम, 1882 का 568/19-12-1899
संजीवारायकोट आरक्षित वन (आई,जे,के,एल एंव एम)	संजीवारायकोट आरक्षित वन	संदुरू	24.22	मैसूर के महाराजा की महामान्य सरकार 337-3972, दिनांक: 03-12-1903
अपेनहल्ली सर्वे सं. 1 (भाग)		कुडलीगी	1.62	एफईई 2एफ एएफ 94 दिनांक: 21-02-1994

उपाबंध V

पारिस्थितिक संवेदी जोन निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 6th July, 2017

S.O. 2145(E).— WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O 137 (E), dated 15th January, 2016 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And Whereas, copies of the Gazette were made available to the public on the dated 15th January, 2016;

AND WHEREAS, no objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Gudekote Sloth Bear Sanctuary situated in the Kudligi and Sandur Talukas of District Ballari, Karnataka lies between 14°50' N and 11°06' N latitude and 76°37' E and 55°7' E longitude, covering a total geographic area of 47.61 square kilometer was notified *vide* Notifications No. FEE-72 FWL-2013 dated 11.11.2013 and no. FEE 432 FWL 2014 dated: 21-09-2016 primarily for the conservation of the endangered mammal, the Sloth Bear.

AND WHEREAS, the Sanctuary' s rocky boulder terrain with caves, scrub jungle is an ideal habitat for the Sloth Bear and the sanctuary also has tree species such as Red Sander, Ficus, etc and fauna such as Sloth Bear, Leopard, Pangolin, Civet Cat, Jungle Cat, Wild Boar, Jackal, Porcupine, Black-naped Hare, Ruddy Mongoose, etc, some of which are Schedule-I species and it also forms a habitat for about 150 species of birds and reptiles such as Star Tortoise, Python, Russell's Viper, Red Sand Boa, Cobra, etc.

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the Sloth Bear, Leopard and other endangered faunal biodiversity and wildlife therein and its environment by establishing an Eco-Sensitive Zone along the periphery of the Sloth Bear Sanctuary.

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the geographical area the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of Gudekote Sloth Bear Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental aspects, to conserve and protect the biodiversity and wildlife therein and its environment and to prohibit industries or class of industries and their operations and process in the said Eco-sensitive Zone;

NOW THEREFORE, in exercise of the power conferred by sub section (l) and clauses (v) and (xiv) of sub-4). section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area with an extent varying from 1.0 Kilometer to 7.00 Kilometers all around the boundary of Gudekote Sloth Bear Sanctuary in the State of Karnataka as the Gudekote Sloth Bear Sanctuary Eco-sensitive Zone (herein after referred to us the Eco-Sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

1. Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone.— (1) The Eco-sensitive Zone is spread over an area of 120.04 Sq Kms (including the Sheliyappanahalli / Appenahalli & Sanjivarayanakote Reserve Forest areas and some section -4 areas) with an extent varying from 1.0 Kilometer to 7.00 Kilometers around the boundary of Gudekote Sloth Bear Sanctuary and the boundary details of such Zone are given in Annexure-I.

